अनुक्रमांक (अंकों में) / Roll No. (in figures) : ______________ अनुक्रमांक (शब्दों में) / Roll No. (in words) : ______________

[कुल प्रश्नों की संख्या : 12] [Total No. of Questions : 12] [समय : 3.15 घंटे] [Time : 3.15 Hours]
[कुल मुद्रित पृष्ठ : 04] [Total No. of Printed Pages : 04] [पूर्णांक : 100] [Maximum Marks : 100]

# कक्षा 11वीं वार्षिक परीक्षा, 2025–26
# Class 11th Annual Examination, 2025-26
# हिन्दी (अनिवार्य) / HINDI (Compulsory)
# [ 1103 ]

*सामान्य अनुदेश* :
1) परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसका अंक भार अंकित है।

*General Instructions* :
1) Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2) Marks for every question are indicated alongside.

प्र.1 बहुविकल्पात्मक प्रश्न – (i से x)

(i) संगीत नृत्य अभिनय कलाओं को एक शास्त्रीय कला का स्वरूप किसने दिया? (1)
(अ) कलाकार ने (ब) संगीतकार ने (स) चित्रकार ने (द) शास्त्र ने

(ii) "गलता लोहा" कहानी में स्कूल का मॉनीटर था – (1)
(अ) मोहन (ब) धनराम (स) त्रिलोक सिंह (द) रमेश

(iii) "नमक का दरोगा" कहानी का संदेश है – (1)
(अ) सूझबूझ से काम करने का (ब) समाज की बुराइयां दूर करने का
(स) किसी के आगे हाथ न फैलाने का (द) निर्भय होकर कर्तव्य पालन करने का

(iv) 'पथेर पांचाली' फिल्म–निर्माण में सबसे बडी समस्या थी – (1)
(अ) समय का अभाव (ब) पात्रों का अभाव
(स) उचित स्थान का अभाव (द) धन का अभाव

(v) "पेड़ को हटाकर उसे जल्दी निकाल लेना चाहिए" यह कहा – (1)
(अ) माली ने (ब) चपरासी ने
(स) मनचले क्लर्क ने (द) ज्वाइंट सेक्रेटरी ने

(vi) मीराँ अपने आराध्य कृष्ण की उपासना करती थीं – (1)
(अ) सेवक–भाव से (ब) दास्य–भाव से
(स) मधुरा–भाव से (द) सख्य–भाव से

(vii) "घर की याद" कविता में कवि ने संदेशवाहक बनाया है – (1)
(अ) मेघ को (ब) मोर को
(स) सावन को (द) बरसात को

(viii) "ठेका लिया है तुमने सारी दुनिया का?" रजनी के पति के इस कथन में मूल भाव है – (1)
(अ) लाचारी (ब) आक्रोश
(स) व्यंग्य (द) उपेक्षा

(ix) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कबीर को कहा है – (1)
(अ) वाणी का जादूगर (ब) वाणी का डिक्टेटर
(स) साखी का सर्जक (द) कथनी का साधक

(x) 'भारत माता' पाठ संकलित है – (1)
(अ) मेरी कहानी (ब) देश की कहानी
(स) हिन्दुस्तान की कहानी (द) विश्व की कहानी

**प्र.2** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – (i से iii)

(i) वाक्य रचना में संज्ञा या सर्वनाम का संबंध दूसरे शब्दों के साथ प्रकट होता है, उन्हें .......... अव्यय कहते हैं। (1)

(ii) वे शब्द जिनका आगमन हिन्दी भाषा में .................... भाषा से बिना रूप परिवर्तन के हुआ है, वे तत्सम शब्द कहलाते हैं। (1)

(iii) रामचरितमानस एक श्रेष्ठ ................................................ है। (1)

**प्र.3** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए – (i से v)

(i) भोला दा ने बेबी के घर की समस्या तातूश को बताई, तो उन्होंने क्या किया? (2)

(ii) पाठ में मियाँ नसीरुद्दीन को आज के लोगों के सम्बंध में किस बात का अफसोस है? (2)

(iii) अपू पात्र के लिए सुबीर बनर्जी नामक बालक का चयन करने में किसने लेखक की सहायता की? (2)

(iv) धनराम मोहन को अपना प्रतिद्वन्द्वी क्यों नहीं समझ सका? (3)

(v) कबीर के अनुसार कौन परमात्मा को नहीं जान पाते हैं? और क्यों? (3)

**प्र.4** निम्नलिखित लघु उत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (i से vi)

(i) कविता में गाँधीजी का प्रसंग किस सिलसिले में आया और क्यों? (3)

(ii) मियाँ नसीरुद्दीन ने नानबाई बनाने के इल्म के संबंध में क्या–क्या तर्क दिये? (3)

(iii) दुष्यंत कुमार के गज़ल काव्य–संग्रह के अनुसार कवि के जीवन का अंतिम लक्ष्य क्या है? (3)

(iv) रजनी के अनुसार विद्यालय में कैसा हेडमास्टर होना चाहिए? (3)

(v) खानदानी गवैयों द्वारा चित्रपट संगीत पर क्या आरोप लगाया जाता है? (3)

(vi) मकान–मालिक के बेटे ने लेखिका (बेबी) के साथ कैसा व्यवहार किया? (3)

**प्र.5** निम्नलिखित दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए। अधिकतम शब्द सीमा 60 शब्द है – (i से iii)

(i) "न्याय और विद्वता, लम्बी–चौड़ी उपाधियाँ, बड़ी–बड़ी दाढ़ियाँ और ढीले चोंगे एक भी सच्चे आदर के पात्र नहीं हैं।" वंशीधर के इस अनुभव का क्या आशय है? (3)

(ii) भारतीयों की आँखों में चमक कब एवं क्यों आ जाती थी? 'भारत माता' पाठ के आधार पर बताइए। (3)

(iii) कविता में चम्पा को किन स्त्रियों का प्रतिनिधित्व करने वाली बताया गया है? (3)

**प्र.6** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

महामति बेकन का कथन है, "समूह का नाम संगत नहीं है। जहाँ प्रेम नहीं है, वहाँ लोगों की आकृतियाँ चित्रवत् हैं और उनकी बातचीत झाँझ की झनकार है।" पहचान करने अथवा संगति करने में कुछ स्वार्थ से काम लेना चाहिए। जान–पहचान के लोग वे हों, जिनसे हम कुछ लाभ उठा सकें, जो हमारे जीवन को उत्तम और आनन्दमय करने में कुछ सहायता दें, यद्यपि उतनी नहीं जितनी गहरे मित्र दे सकते हैं। मनुष्य का जीवन थोड़ा है, उसमें खोने के लिए समय नहीं। आजकल जान–पहचान बढ़ाना कोई बडी बात नहीं है, कोई भी युवा पुरुष ऐसे अनेक युवा पुरुषों को पा सकता है, जो उसके साथ थियेटर देखने जायेंगे, नाच–रंग में जायेंगे, सैर–सपाटे में जायेंगे और भोजन का निमंत्रण स्वीकार करेंगे। परन्तु ऐसे लोगों की संगति से कुछ हानि न होगी, तो लाभ भी न होगा। पर यदि हानि होगी तो बड़ी भारी होगी। सोचिए तो, तुम्हारा जीवन कितना नष्ट होगा, यदि ये जान–पहचान के लोग उन मनचले युवकों में से निकले जो अमीरों की बुराइयों और मूर्खताओं की नकल किया करते हैं, दिन–रात बनाव–शृंगार में रहा करते हैं, कुलटा स्त्रियों की फोटो मोल लिया करते हैं, गलियों में ठट्ठा मारते हैं और सिगरेट का धुआँ उड़ाते चलते हैं। ऐसे नवयुवकों से बढ़कर शून्य, निःसार और शोचनीय जीवन और किसका है? वे अच्छी बातों के सच्चे आनंद से कोसों दूर हैं। जिनकी आत्मा अपने इन्द्रिय–विषयों में ही लिप्त है, जिनका हृदय नीच आशाओं और कुत्सित विचारों से कलुषित है, ऐसे नाशोन्मुख प्राणियों को दिन–दिन अंधकार में पतित होते देख कौन होगा जो तरस न खाएगा?

प्रश्न –

(i) प्रस्तुत गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (1)

(ii) जहाँ प्रेम नहीं वहाँ के लोगों की आकृति कैसी होती है? (1)

(iii) कैसे युवा पुरुष आसानी से नहीं मिलेंगे? (1)

(iv) कैसे नवयुवकों का निःसार एवं शोचनीय जीवन है? (1)

(v) जिन नवयुवकों की आत्मा अपने इन्द्रिय विषयों से लिप्त है, वे क्या कहलाते हैं? (1)

(vi) 'महामति' शब्द में कौनसा समास है? (1)

प्र.7 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

फैली खेतों में दूर तलक, मखमल–सी कोमल हरियाली।
लिपटी जिससे रवि की किरणें, चाँदी की–सी उजली जाली।।
तिनकों के हरे–हरे तन पर, हिल हरित रुधिर है रहा झलक।
श्यामल भूतल पर झुका हुआ, नभ का चिर निर्मल नील फलक।।
रोमांचित सी लगती वसुधा, आई जौ–गेहूँ में बाली।
अरहर सनई की सोने की, किंकिणियाँ हैं शोभाशाली।।
उड़ती भीनी तैलाक्त गंध, फूली सरसों पीली–पीली।
लो, हरित धरा से झाँक रही, नीलम की कली, तीसी नीली।।
रंग–रंग के फूलों में हिलमिल, हँस रही सखियाँ मटर खड़ी।
मखमली पेटियों से लटकीं, छीमियाँ छिपाये बीच लड़ी।।

प्रश्न –

(i) प्रस्तुत काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (1)

(ii) खेतों में दूर–दूर तक क्या फैली हुई है? (1)

(iii) सोने की किंकिणियाँ किसे कहा गया है? (1)

(iv) मखमली पेटियों से कौन लटकी हुई हैं? (1)

(v) जौ–गेहूँ में बाली आने से कौन रोमांचित है? (1)

(vi) 'फूली सरसों पीली–पीली' पंक्ति में कौनसा अलंकार है? (1)

प्र.8 दोपहर के खाने पर दबे हुए आदमी के चारों ओर बहुत भीड़ हो गई थी। लोग तरह–तरह की बातें कर रहे थे। कुछ मनचले क्लर्कों ने समस्या को खुद ही सुलझाना चाहा। वे हुकूमत के फैसले का इंतजार किए बिना पेड़ को अपने–आप हटा देने का निश्चय कर रहे थे कि इतने में सुपरिंटेंडेंट फ़ाइल लिए भागा–भागा आया। बोला – "हम लोग खुद इस पेड़ को नहीं हटा सकते। हम लोग व्यापार–विभाग से संबंधित हैं, और यह पेड़ की समस्या है, जो कृषि–विभाग के अधीन है। मैं इस फ़ाइल को अर्जेंट मार्क करके कृषि–विभाग में भेज रहा हूँ – वहाँ से उत्तर आते ही इस पेड़ को हटवा दिया जाएगा।"

प्रश्न –

(i) यहाँ मनचले क्लर्क किन्हें कहा गया है? (2½)

(ii) दोपहर के खाने पर दबे हुए आदमी के चारों ओर भीड़ क्यों हो गई थी? (2½)

(iii) मनचले क्लर्कों की इच्छा क्या थी? और क्यों? (2½)

(iv) सुपरिंटेंडेंट ने आकर किससे, क्या और क्यों कहा? (2½)

प्र.9 पाँचवां मै हूँ अभागा,

जिसे सोने पर सुहागा,

पिताजी कहते रहे हैं,

प्यार में बहते रहे हैं,

आज उनके स्वर्ण बेटे,

लगे होंगे उन्हें हेटे,

क्योंकि मै उन पर सुहागा,

बंधा बैठा हूँ अभागा।

प्रश्न –

(i) कवि ने अपने आप को सोने पर सुहागा क्यों कहा है? (2½)

(ii) कवि ने अपने आप को अभागा क्यो कहा है? (2½)

(iii) कवि के पिता को उनके बेटे हेटे क्यों लगे होंगे? (2½)

(iv) कवि अपने पिता का पांचवां पुत्र किसके समान है? (2½)

प्र.10 निम्नलिखित शीर्षक पर निबंध लिखिए – (कोई एक) (6)

(क) मोबाइल फोन : वरदान या अभिशाप

(ख) कम्प्यूटर शिक्षा का महत्त्व

(ग) भारतीय संस्कृति का अनुपम उपहार : योग

(घ) जल–संरक्षण : हमारा दायित्व

प्र.11 आपकी कक्षा के छात्र एक दिन के शैक्षिक भ्रमण हेतु बस द्वारा जयपुर गए। कक्षानायक के रूप में आप शैक्षिक भ्रमण प्रतिवेदन तैयार कीजिए। (5)

प्र.12 "भ्रष्टाचार का सर्वत्र बोलबाला है।" इस विषय को आधार बनाकर एक सम्पादकीय लिखिए। (5)

**अथवा**

जिला प्रमुख की ओर से जिला कलेक्टर, जैसलमेर को एक पत्र लिखिए, जिसमें जिले में चल रहे मनरेगा कार्यों में हुई अनियमितताओं को दूर करने का अनुरोध किया गया हो।

---